## महत्वपूर्ण एवं खास

### रंग पंचमी पर शहर में होंगे विविध आयोजन 25 को

**रायपुर(आरएनएस)।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी होली के 5वें दिन प्रदेश एवं देश में रंग पंचमी का पर्व धूमधाम से मनाया जायेगा। शहर की अनेक सांस्कृतिक संस्थाओं ने रंग पंचमी के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया है। शांति नगर निवासी हारमोनियम वादक एवं भजन गायक घनश्याम शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि देश में रंग पंचमी का विशेष महत्व है। उन्होंने बताया कि रंग पंचमी पर उत्तर प्रदेश के वृंदावन धाम मथुरा एवं बरसाने में राधा कृष्ण का भजन गाते हुए भाव विभोर होकर पंचमी पर रंग गुलाल खेलने की परंपरा रही है। वहीं मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र सहित छत्तीसगढ़ में भी रंग पंचमी पर एक दूसरे को गुलाल लगाकर आपस में गले मिलकर बधाई देने का दौर काफी पुराना है।

### लोनिवि को लाखों का चूना लगाने वाले ठेकेदार के खिलाफ विभाग ने दर्ज कराई एफआईआर

**रायपुर(आरएनएस)।** आयुर्वेदिक कॉलेज भवन के मरम्मत का निविदा के जरिए ठेका लेकर लोक निर्माण विभाग से लाखों रूपयों की धोखाधड़ी करने वाले ठेकेदार के खिलाफ विभाग ने एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार लोक निर्माण विभाग की निविदा लिपिक कार्यपालन अभियंता श्रीमती सरोज पाण्डेय ने सिविल लाईन थाने में कल शाम को अपनी शिकायत में बताया आरोपी राहुल अग्रवाल ठेकेदारी फर्म आस्वी इंजीनियरिंग प्रो. रायपुर द्वारा आयुर्वेदिक कॉलेज भवन के मरम्मत के लिए निविदा भरा था। इस निविदा के साथ आरोपी ने 8 लाख 2 हजार रूपये का एफडीआर की फोटो कॉपी जमा कराई थी लेकिन आरोपी द्वारा मूल एफडीआर से जमा रकम को प्राप्त कर धोखाधड़ी की। पुलिस ने इस मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 420,467,468,471 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है। मामले की विवेचना जारी है।

### आरक्षक ने खुद को लगाई आग, गंभीर

**बलौदाबाजार(आरएनएस)।** एक आरक्षक द्वारा आत्महत्या के नीयत से खुद को आग लगा ली है, जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गया है, जिसका उपचार रायपुर के आंबेडकर अस्पताल में चल रहा है। घटना बीती रात की बतायी जा रही है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बलौदाबाजार जिले के गिधपुरी थाने में पदस्थ यज्ञ साहू ने बीती रात में ड्यूटी के दौरान खुद को आग लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। आरक्षक आग से बुरी तरह झुलस गया है, जिसे गंभीर अवस्था में रायपुर के आंबेडकर अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज जारी है। आरक्षक ने खुद को आग क्यों लगाई इसका वजह का अभी तक पता नहीं चल पाया है। हालांकि इस घटना से पुलिस प्रशासन में हड़कंप मचा हुआ है।

### यात्रियों से भरी आटो पलटी, 7 घायल

**कोरबा (आरएनएस)।** मड़वारानी मंदिर से दर्शन कर घर लौट रहे लोगों की ऑटो पहाड़ मार्ग के ढलान पर अनियंत्रित होकर पलट गई। जानकारी के अनुसार जांजगीर-चांपा जिले के सक्ती अंतर्गत ग्राम भेलवागुड़ी में निवासरत एक परिवार होली पर्व के दूसरे दिन 22 मार्च को ऑटो क्रमांक सीजी 11 एजे 7068 में मां मड़वारानी पहाड़ के ऊपर स्थित मंदिर में दर्शन करने आया हुआ था। वे दर्शन कर पहाड़ी मार्ग से वापस लौट रहे थे। पहाड़ मार्ग के ढलान पर चालक से आटो अनियंत्रित हो होकर खाई में जा गिरा। आटो के पलटते ही सवार लोगों में चीख-पुकार मच गई। सातों लोगों को चोटें आई हैं। दुर्घटना की सूचना तत्काल डॉयल 112 व उरगा पुलिस को दी गई। टीम ने मौके पर पहुंचकर घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

### जलती होलिका में गिर कर बैगा झुलसा

**कोरबा (आरएनएस)।** होलिका दहन के दौरान एक बैगा आग की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गया। मौके पर मौजूद लोगों ने उसकी जान बचाई। जानकारी के अनुसार घटना करतला थाना अंतर्गत ग्राम फत्तेगंज की है। बताया गया कि अलसुबह 4 बजे गांव के लोगों ने रीति-रिवाज व पूजापाठ के साथ होलिका दहन किया। इस दौरान गांव के बैगाओं की टोली द्वारा देवी देवताओं का सुमिरन किया जा रहा था कि इसी दौरान गांव का बैगा टीकाराम राठिया 35 वर्ष जलती होलिका में गिर पड़ा। मौके पर मौजूद लोगों ने उसे जलती होलिका से खींचकर बाहर निकाला। इस घटना में उसकी जान तो बच गई लेकिन वह गंभीर रूप से झुलस गया। इसकी सूचना संजीवनी 108 को दी गई। जिसकी मदद से घायल बैगा को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना में टीकाराम के पैर व हाथ गंभीर रूप से झुलस गए हैं।

### युवक के जांघ पर धारदार हथियार वार कर किया घायल, मामला दर्ज

**रायपुर(आरएनएस)।** शराबी ने बेवजह गाली-गलौज कर जांघ पर किसी धारदार औजार से मारकर चोट पहुंचाया। घटना की रिपोर्ट मौदहापारा थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार फुल चौक जोरापारा मौदहापारा रायपुर निवासी तुसार साहू 26 वर्ष पिता सनील साहू ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि 23 मार्च को जोरापारा में बृतेश सोनवानी उर्फ शक्तिमान ने प्रार्थी को बेवजह शराब के नशे में आकर गाली-गलौज करते हुये जान से मारने की धमकी देकर जांघ पर किसी धारदार औजार से मारकर चोट पहुंचाया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 294,506,324 के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

# शराब दुकान से ओवर-रेट पर विभाग सख्त : 505 दुकानों की आकस्मिक जांच : 38 प्रकरण कायम




**रायपुर (आरएनएस)।** लोकसभा चुनाव की आदर्श आचार संहिता एवं होली त्यौहार के दौरान प्राप्त हुई ओवर-रेट की शिकायतों पर आबकारी विभाग द्वारा सख्त रूख अपनाया गया है। उल्लेखनीय है कि होली पर्व पर भीड़ का फायदा उठाकर मदिरा दुकानों से अधिक दर पर मदिरा विक्रय की शिकायतें प्राप्त हो रही थी। शिकायतों पर सख्त रूख अपनाते हुए आबकारी आयुक्त के.पी.सिंह ने सभी उडनदस्तों तथा जिले के आबकारी अधिकारियों को कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिये हैं। इसके तहत राज्य स्तरीय उडनदस्ता के साथ-साथ संभागीय उड़नदस्ता रायपुर, बिलासपुर एवं बस्तर की टीमों और विभिन्न जिलों द्वारा आकस्मिक रूप से 505 दुकानों की जॉच की गई। जांच के दौरान अधिक दर पर मदिरा बिक्री के 38 प्रकरण कायम किये गये।

जिन मदिरा दुकानों में अनियमितताएँ एवं अधिक दर पर मदिरा विक्रय के प्रकरण कायम किए गए है, उन दुकानों पर कार्यरत प्लेसमेन्ट एजेंसी के कार्मचारियों पर सख्त कार्यवाही की गई है। इसके अलावा कार्यरत प्लेसमेंट एजेंसी पर भी कार्यवाही की जाएगी। संबंधित मदिरा दुकानें जिन अधिकारियों के प्रभार या प्रभार क्षेत्र में स्थित है, उन पर भी कार्यवाही किये जाने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। दुकानों पर कार्यरत कर्मचारियों को तत्काल निष्कासित किये जाने निर्देश दिये गये हैं। उल्लेखनीय है कि मदिरा दुकानों पर बायोमेट्रिक तकनीक लागू करने की कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है ताकि एक बार मदिरा दुकान से निष्कासित व्यक्ति पूरे प्रदेश की किसी भी मदिरा दुकान पर कार्य नहीं कर सकेगा।

राज्य के आबकारी आयुक्त ने लोकसभा निर्वाचन को दृष्टि में रखते हुए मदिरा दुकानों की सतत् निगरानी करने एवं अवैध मदिरा के निर्माण, परिवहन, धारण एवं विक्रय पर नियंत्रण स्थापित करने के सख्त निर्देश दिये हैं।

## चौथी बेटी होने पर पति के डर से महिला ने नवजात को बेचा

### बच्चा खरीद फरोख्त मामले में पांच गिरफ्तार

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के आंबेडकर अस्पताल में महिला की डिलवरी के बाद शिशु को बेचने का मामला प्रकाश में आया है। शिशु की खरीद-फरोख्त में शामिल पुलिस ने बच्चे की मां सहित 5 लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इस मामले में सभी आरोपियों के खिलाफ बच्चा खरीद फरोख्त का मामला दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार बलौदाबाजार निवासी महिला ईश्वरी चेलक ने अंबेड़कर अस्पताल में 7 मार्च को एक बच्ची को जन्म दिया था। जन्म के बाद से ही महिला बच्ची को अनाथालय में देने की बात कह रही थी। जिसके बाद टाटीबंद निवासी ममता गोस्वामी ने महिला की मुलाकात अन्य महिला रुपा सिंह से कराई उसके बाद रुपा सिंह के कहने पर ईश्वरी चेलक ने अपने बच्चे को सरायपाली निवासी भूपेश माखिजा को दे दिया।

पति की डर से चौथी बेटी होने पर बच्चे देने की बात ईश्वरी चेलक ने ममता गोस्वामी को बताया कि उसका पति बेटा नही होने की बात कहकर मारपीट करता है। इसलिये वह अपनी नवजात बेटी को दूसरे को सौंप दिया। जिसके बाद ममता गोस्वामी ने ईश्वरी चेलक को लेकर महिला थाना लेकर गई जहां महिला पुलिस ने केश सखी सेंटर को सौंप दिया जिसके बाद सखी सेंटर के अधिकारियों ने घटना को गंभीरता से लेते हुये बच्चे की मां से पूछताछ किया तब जाकर इस मामले का खुलासा हुआ।

## फार्म भरा, पावती भी मिली पर नहीं आया प्रवेश पत्र

### ओपन परीक्षा देने से वंचित रहे परीक्षार्थी

**कोरबा (आरएनएस)।** राज्य ओपन स्कूल की परीक्षा आज से सभी केन्द्रों में प्रारंभ हुई। कोरबा जिले के 12 केन्द्रों में परीक्षा देने संबंधित परीक्षार्थी पहुंचे। करतला विकासखण्ड में बनाये गये परीक्षा केन्द्र में एक केन्द्र के करीब 20 परीक्षार्थी विभाग की लापरवाही के कारण परीक्षा देने से वंचित रह गये। इनको प्रवेश पत्र के अभाव में शामिल नहीं होने दिया गया।




जानकारी के अनुसार शनिवार को 10 वीं ओपन स्कूल की बोर्ड परीक्षा विषय गृह विज्ञान एवं राजनीति विज्ञान में शामिल होने के लिए करतला विकासखण्ड के शासकीय आदिम जाति कल्याण उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परीक्षा केन्द्र में संबंधित परीक्षार्थी पहुंचे थे। इनमें से करीब 20 परीक्षार्थियों को प्रवेश पत्र नहीं मिला था। इन्हें पूर्व में विद्यालय आने पर परीक्षा के दिन ही प्रवेश पत्र मिल जाने की बात कही गई थी। इसके अनुसार आज ये विद्यार्थी परीक्षा देने पहुंचे थे लेकिन केन्द्राध्यक्ष के द्वारा प्रवेश पत्र के अभाव में इन्हें परीक्षा में बैठने से रोक दिया गया।

### सड़क हादसे में नवविवाहिता की मौत

**कोंडागांव (आरएनएस)।** ब्लॉक मुख्यालय से 10 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम मस्सूकोकोड़ा में सड़क हादसे में एक नवविवाहिता की मौत हो गई। कल देर रात पीडब्ल्यूडी में कार्यरत सब इंजीनियर 32 वर्षीय लोकेश पत्नी 26 वर्षीय पत्नी जयश्री पात्र के साथ बड़ेडोंगर से अपने ससुराल बारदेवरी कांकेर जा रहे थे। इसी दौरान उनकी कार राष्ट्रीय राजमार्ग 30 से लगे ग्राम मस्सूकोकोड़ा के पास अनियंत्रित होकर नाली से जा टकराई। जानकारी मिलते ही फरसगांव थाना प्रभारी विनोद साहू मौके पर पहुंच गए और दंपती को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आए ।

## किसानों के खाते से रकम हड़पने वाले शाखा प्रबंधक समेत छह के खिलाफ जुर्म पंजीबद्ध

**जगदलपुर(आरएनएस)।** किसानों की कर्ज माफी के नाम पर किसानों के खाते से लाखों रूपए के फर्जीवाड़े मामले में पुलिस ने शाखा प्रबधंक समेत छह के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है।



परपा पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक कृषक रमेश पिता बगस एवं अन्य दर्जन भर किसानों ने इसकी शिकायत 6 मार्च 2019 को की थी जिसके बाद खाते से राशि आहरण कर धोखाधड़ी किए जाने का मामला दर्ज किया गया है। इस मामले की जांच जिला सहकारी केंद्रीय बैंके के आंतरिक अकें क्षण अधिकारी डीएस ध्रुव द्वारा किया गया था। जांच में सतानंद प्रसाद वर्मा तत्कालीन लेम्पस समिति प्रबंधक करंजी, छबिलेश्श्वर पाण्डे तत्कालीन धान खरीदी प्रभारी लेखापाल लेम्पस समिति करंजी, श्रीमती अपराजिता ठाकुर तत्कालीन शाखा प्रबधंक जिला सहकारी केंद्रीय बैंक कुरेंगा, मुक्तेश्वर पाण्डे तत्कालीन कैशियर जिला सहकारी बैंक कुरेंगा, श्रीमती शशीकला सिंह कंवर तत्कालीन शाखा प्रबधंक जिला सहकारी बैंक जगदलपुर शाखा तथा कुमारी राजेसी राय तत्कालीन कैशियर जिला सहकारी बैंक जगदलपुर द्वारा एक राय होकर आपराधिक षड़यंत्र करते हुए किसानों को कर्ज माफी के नाम पर बहला फुसला कर उनके ऋण पुस्तिका एवं पासबुक लेकर फर्जी तरीके से धान खरीदी कर उनके खाते से राशि आहरण कर लाखों रूपए की धोखाधड़ी करना पाया गया।

थाना प्रभारी श्रीवास ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज बस्तर में करेंगे कार्यकर्ताओं को रिचार्ज

### जगदलपुर में कल कांग्रेस का लोकसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन

**रायपुर(आरएनएस)।** जगदलपुर के मिशन हाई स्कूल ग्राउंड में कल मुख्यमंत्री भूपेश बघेल लोकसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करेंगे। इधर कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर प्रदेश के आबकारी मंत्री कवासी लखमा ने कार्यक्रम स्थल पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिया।

लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुटी कांग्रेस प्रमुख विपक्षी दल भाजपा से कई कदम आगे चल रही है। इसी क्रम में कल जगदलपुर के मिशन हाई स्कूल ग्राउंड में एक लोकसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया है। बस्तर में



किला फतह करने के लिए आयोजित इस कार्यक्रम को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल संबोधित करेंगे। कांग्रेस के जिला अध्यक्ष राजीव शर्मा के साथ कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेने पहुंचे मंत्री लखमा ने बताया कि बस्तर में पिछले दो दशकों से भाजपा लगातार जीत दर्ज करती आई है। मगर इस बार भाजपा के इस किले को ध्वस्त करना है। भाजपा अपने किसी भी प्रत्याशी को यहां से टिकट दे दे, लेकिन इस बार कांग्रेस की जीत निश्चित है। जनता जान चुकी है कि भाजपा की कथनी और करनी में कितना बड़ा अंतर है। कार्यक्रम के संबंध में उन्होंने कहा कि लोकसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में 6 जिलों के 8 विधानसभा के विधायक, सभी जिला अध्यक्ष और बूथ लेवल तक के कार्यकर्ता शामिल होने वाले हैं। इधर मुख्यमंत्री बघेल के जगदलपुर प्रवास को लेकर जिला और पुलिस प्रशासन भी अलर्ट मोड में है।

### मोदी ने ढ्हा दिया कश्यप परिवार का किला - लखमा

**जगदलपुर (आरएनएस)।** आबकारी मंत्री कवासी लखमा ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री ने ही कश्यप परिवार का किला ढहा दिया, यह बैदुराम कश्यप को टिकट देने से साफ हो गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह ने आदिवासियों का अपमान किया है, इसलिए आदिवासी दीपक बैज को वोट देंगे और कांग्रेस भाजपा के 20 सालों के किले को ध्वस्त कर देगी। जगदलपुर के मिशन हाई स्कूल ग्राउंड में लोकसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया जा है जिसमें मुख्यमंत्री भूपेश बघेल शिरकत करेंगे। कार्यक्रम स्थल का जायजा लेने प्रदेश के वाणिज्य एवं आबकारी मंत्री कवासी लखमा मिशन ग्राउंड पहुंचे थे।

## पानी के लिए भटकता हिरण कुंए में गिर गया

### ग्रामीणों ने जान बचाकर वन विभाग को सौंपा

**जगदलपुर (आरएनएस)।** चैत्र मास की शुरूवात से ही गर्मी ने अपना रंग दिखाना शुरू कर दिया है और तापमान लगातार बढ़ता ही जा रहा है। इससे वन्य क्षेत्रों में रहने वाले जानवरों को दोहरी मार का सामना करना पड़ रहा है। पानी की तलाश में उन्हें एक ओर जहां भटकना पड़ रहा है, वहीं दूसरी ओर ग्रामीणों द्वारा सामूहिक शिकार किये जाने का भी सामना करना पड़ रहा है।



माचकोट वन क्षेत्र के अंतर्गत एक छोटा सा उदाहरण सामने आया है, जिसमें एक प्यासा चीतल पानी की खोज में कुरंदी तालाब की ओर आया और उसे एक ओर गांव में मौजूद कुत्तों ने दौड़ाया वहीं दूसरी ओर पानी भी नहीं मिला और जान बचाने के लिए दौड़ते-दौड़ते वह एक सुखे कुंए में गिर गया। लगभग 15 घंटे के बाद कचरा फेंकने गई महिला के देखने से उसका संरक्षण किया गया और वन विभाग के कर्मचारियों ने उसे बाहर निकाल जंगल में छोड़ दिया। वहीं दूसरी ओर ग्राम चिलकुटी के जंगल में विचरण कर रहे तेंदुआ द्वारा चीतल को शिकार बनाने की जानकारी भी प्राप्त हुई है। यह चीतल भी पानी की तलाश में भटक रहा था।

## आपके वेट लॉस प्लान पर पानी फेर सकता है ज्यादा पानी



सभी को पता है कि पानी हमारी जिंदगी के लिए कितना जरूरी है। पानी शरीर स्वस्थ रखने में मदद करता है। अगर आप वजन घटाने के लिए डायट फॉलो कर रहे हैं तो भी पानी आपके लिए बेहद जरूरी है। पानी न सिर्फ ऑक्सीजन और पोषक तत्वों को शरीर के अलग-अलग हिस्से में पहुंचाता है, बल्कि एनर्जी बूस्ट करने में भी मदद करता है। हालांकि, ज्यादा पानी पीना आपके वेट लॉस प्लान को खराब भी कर सकता है।

**फैट** - आपके शरीर में जो फैट जमा है, कभी-कभी उसमें पानी का भी हिस्सा होता है। अगर आप एक ही बार में ज्यादा पानी पीते हैं तो किडनी उसे एक बार में बाहर निकालने में सक्षम नहीं होती है। इसलिए आपको एक बार में खूब पानी पीने की बजाय रुक-रुककर दिनभर पानी पीना चाहिए। हालांकि, अगर आपके डायट में सोडियम ज्यादा होता है को पोटैशम कम होता है तो आपकी शरीर ज्यादा पानी लेने में सक्षम हो सकता है।

**प्रदूषक तत्व** - अगर आप शुद्ध पानी नहीं पीते हैं तो ये भी आपके लिए नुकसानदायक हो सकता है। कुछ ऑर्गेनिक तत्व आपका वजन बढ़ा सकते हैं।

**कितना पीएं पानी-** एक व्यक्ति को दिनभर में कितना पानी पीना चाहिए इसकी मात्रा तय नहीं है। यह अलग-अलग बातों पर निर्भर करता है जैसे आपका वजन, आपका वातावरण आपका काम आदि।

### माधुरी की मराठी फिल्म 15 अगस्त 29 मार्च को होगी रिलीज



अभिनेत्री माधुरी दीक्षित नेने और उनके पति श्रीराम नेने की आगामी मराठी प्रोडक्शन 15 अगस्त 29 मार्च को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। माधुरी ने एक बयान में कहा, मेरा एक ऐसा हिस्सा हमेशा से अर्थपूर्ण फिल्मों का निर्माण करना चाहता था और इसके लिए 15 अगस्त से बेहतरीन शुरुआत और कुछ नहीं हो सकती थी।

उन्होंने कहा, यह एक प्यारी और ऐसी कहानी है जिसे दर्शक खुद से जोड़कर देखेंगे और जिसमें प्रतिभाशाली स्वप्नील जयकर, अभिनेता राहुल पेठे, मृण्मयी देशपांडे और आदिनाथ कोठारे ने अपने बेहतरीन अभिनय से जान डाली है।

## हॉरर फिल्में पसंद करती है सान्या मल्होत्रा



बॉलीवुड अभिनेत्री सान्या मल्होत्रा का कहना है कि उन्हें हॉरर फिल्में देखना बेहद पसंद है।

दंगल गर्ल सान्या मल्होत्रा इन दिनों अपनी फिल्म 'फोटोग्राफ' को लेकर चर्चा में है। फिल्म में उनके अभिनय की काफी तारीफें हो रही हैं। इससे पहले उनकी फिल्म 'बधाई हो' रिलीज हुई थी। यह फिल्म सुपरहिट रही। इस फिल्म में भी उनके अभिनय की काफी तारीफ हुई थी। सान्या ने बताया है कि उनको हॉरर फिल्में काफी पसंद है।

फिल्म फोटोग्राफ के निर्देशक रितेश बत्रा ने मजाक करते हुए कहा कि सान्या से तो भूत भी डरते हैं। मूल रूप से दिल्ली में पली-बढ़ी सान्या असल जिन्दगी में पंजाबी परिवार से तालुख रखती है और फिल्म 'फोटोग्राफ' में उन्होंने गुजराती लड़की का किरदार निभाया है। पिछले दिनों सान्या ने अपनी फेसबुक पोस्ट में बताया था कि वह एक डांसर बनना चाहती थीं लेकिन डांसर बनते-बनते वह एक्टर बन गयी। सान्या ने पोस्ट में लिखा था, 'मैं ऐसी बच्ची थी जो हर शादी में डांस करती थी। मेरे माता-पिता मुझे हर शादी में ले जाते थे ताकि मैं दिल खोलकर डांस कर सकूं।'